दैनिक ऑनलाइन अखबार

# राजस्थान फर्स्ट न्यूज

आप भी अपने से जुड़े समाचार, लेख तथा सुझाव भेजने के लिए कृपया नीचे दिए गए व्हाट्सऐप नंबर पर संपर्क करें। 9462667614

वर्ष 1, अंक 08 | सोमवार | बीकानेर 30 मार्च, 2026

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में महिला बॉक्सिंग बीकानेर की टीम रहीं उपविजेता



**राजस्थान फर्स्ट न्यूज,बीकानेर।** जिला बॉक्सिंग संघ बीकानेर के सचिव योगेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 मार्च से 29 मार्च 2026 तक राजगढ़ (चूरू) में आयोजित 8वीं राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में बीकानेर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालिका वर्ग में पूरे राजस्थान में उपविजेता स्थान प्राप्त किया।बालिका वर्ग में बीकानेर की बॉक्सर्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 2 स्वर्ण एवं 2 कांस्य पदक हासिल किए–

57-60 किलोग्राम भार वर्ग में बेनस ने स्वर्ण पदक जीता।

60-65 किलोग्राम भार वर्ग में गर्विता चौधरी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

45-48 किलोग्राम भार वर्ग में नीलम अधिकारी ने कांस्य पदक जीता।

65-70 किलोग्राम भार वर्ग में वंशिका व्यास ने कांस्य पदक हासिल किया।

वहीं बालक वर्ग में भी खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया

65-70 किलोग्राम भार वर्ग में हरीश मूण्ड ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

70-80 किलोग्राम भार वर्ग में गणपत कुमार ने कांस्य पदक जीता।

इस शानदार उपलब्धि का श्रेय बॉक्सिंग कोच राजेन्द्र सिंह राठौड़ को जाता है, जिनके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने यह सफलता हासिल की। इस अवसर पर ब्लॉसम इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर प्रदीप सिंह शेखावत, पूर्व बास्केटबॉल कप्तान दानवीर सिंह भाटी, भैरुरत्न ओझा, दलीप सिंह माचरा, कोच विजेंद्र रंगा, कोच जावेद, क्रिकेट कोच दिलकांत सिंह माचरा एवं कबड्डी कोच रेखा राम भाम्भू ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

जिला बॉक्सिंग संघ ने सभी खिलाड़ियों एवं कोचिंग स्टाफ को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं तथा भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की कामना की है।

## शाकद्वीपीय समाज की मासिक बैठक में महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित



**राजस्थान फर्स्ट न्यूज,बीकानेर।** स्थानीय श्यामोजी वंशज मूंधड़ा सेवगो की बगेची में शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद भोजक ने की। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए बीकानेर संभाग अध्यक्ष एडवोकेट दिलीप सेवग ने बताया कि आगामी 8 अप्रैल को क्रांतिकारी वीर मंगल पांडे की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगल पांडे सर्किल पर कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की। बैठक में आये अन्य प्रस्तावों में पूर्व महापौर भवानी शंकर शर्मा की स्मृति में स्वीकृत हुए मार्ग व प्रतिमास्थल तथा स्वतंत्रता सेनानी स्व. गंगादास कौशिक स्मृति में स्वीकृत हुए मार्ग के अधुरे कार्यों को जल्द करवाना, सामुहिक विवाह व परिचय सम्मेलन, बच्चों के लिए एंवेन्चर एक्टीवीटी करवाना प्रमुख रहें। बैठक में समाजसेवी व प्रमुख व्यवसायी बजरंग लाल मास्टर जी, आर.के. शर्मा, बनवारीलाल पांडे, रविन्द्र शर्मा, मनोज शर्मा, दयाशंकर शर्मा, नितिन वत्सस, राजेश शर्मा, जुगल किशोर सेवग व निलेश शर्मा,उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विनोज भोजक ने कहा कि जागरूकता के लिए नियमित रूप से मासिक बैठकों का होना आवश्यक है, तथा समाज के सरकारी, प्राईवेट कर्मचारी, विभिन्न सर्विस सेक्टर व व्यवसाय से जुड़ें लोगों की सूची बनाकर जानकारी समाज हित में सभी को उपलब्ध करवायी जायें। बैठक की समाप्ति पर समाज के वर्ष 2026 की विभिन्न परिक्षाओं में उतीर्ण हुए शाकद्वीपीय समाज के बच्चों को बधाई व माह मार्च में दिवंगत हुए सामाजिक बंधंओ को श्रद्धांजलि दी गयी।

## पापड-भुजिया एसोसिएशन ने किया डी.पी. पचीसिया का स्वागत और अभिनंदन

**राजस्थान फर्स्ट न्यूज,बीकानेर।** बीकानेर जिला उद्योग संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया को बधाई सिलसिला जारी है। इसी क्रम में गंगाशहर- भीनासर पापड़ भुजिया



एसोसिएसन द्वारा पचीसिया को बुके भेंट कर बधाई दी गई। अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने बताया कि इस चुनाव के बाद मेरा पूरा फोकस छोटे व कुटीर उद्योग जो शहरी क्षेत्रों में स्थापित है उनके विकास के लिए कार्ययोजना बनाकर छोटे प्लॉट के साथ एक ही छत के नीचे स्थापित करवाया जाए। जिसके लिए प्रशासनिक स्तर पर धरातल पर प्रयास शुरू कर दिए गये हैं। पचीसिया ने बताया कि यह हमारी टीम की मेहनत और कार्यशैली की जीत है और उद्योगपतियों ने हमारी टीम द्वारा किये गये कार्यों के लिए विजयी बनाकर वापस उद्योग संघ की कमान सौंपी है। व्यवसायी माणकचंद ने बताया कि पचीसिया के नेतृत्व में औद्योगिक जगत को नए आयाम मिले हैं। इनके कार्यकाल में सबका साथ सबका विकास की भावना से काम हुए हैं और समय की मांग औद्योगिक विकास है परिवर्तन नहीं। भीनासर के पापड़ व्यवसायी पानमल डागा ने बताया कि पचीसिया ने औद्योगिक ही नहीं सामाजिक क्षेत्र में भी जो कार्य किये हैं वो ऐतिहासिक है और विकास के जिस रथ के साथ द्वारकाप्रसाद पचीसिया आगे बढ़ रहे हैं। उस पर लगाम लगाना न्यायोचित भी नहीं है। इस अवसर पर विजय राज मालू, मनोज सेठिया, गिरधर करनानी, मांगीलाल लूणिया, राजकुमार गट्टानी, श्रीपाल भूरा आदि मौजूद रहें।

## विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने किया नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष सुराणा का स्वागत

**राजस्थान फर्स्ट न्यूज,बीकानेर।** **भारतीय** उद्योग व्यापार मण्डल (बीयूवीएम) राजस्थान के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मोहन सुराणा के मनोनयन के उपलक्ष्य में स्वागत किया गया। इस अवसर पर मनीष सोनी, कुणाल कोचर, साजिद सुलेमानी, पंकज अग्रवाल, देवेंद्र तंवर, अमित चोपड़ा एवं विमल पारीक ने मोहन सुराणा का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी साथियों ने मोहन सुराणा के नेतृत्व में संगठन को



और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में व्यापारियों के हितों की रक्षा एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कार्य किए

## कांग्रेस नेता आनंद जोशी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से दिया इस्तीफा



**राजस्थान फर्स्ट न्यूज,बीकानेर।** बीकानेर में कथित वीडियो और ऑडियों का तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार इसको लेकर एक पक्ष माफी की मांग पर अड़ा हुआ है। युवा कांग्रेस के देहात अध्यक्ष भंवर कूकणा ने एक अप्रैल को जिला मुख्यालय पर बड़े प्रदर्शन का एलान किया हे। वहीं इससे पहले ही 30 मार्च को बीकानेर शहर से कांग्रेस के नेता और डूडी कैंप में एक अहम किरदार निभाने वाले आनंद जोशी ने अपनी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है । जोशी ने कहा कि एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें नेताजी स्व. डूडी साहब और डॉ. बीडी कल्ला, मदन गोपाल के खिलाफ अभद्रा भाषा का प्रयोग कर रहे है जो कि सहन योग्य नहीं है। ऐसे में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हूं। सर्किट हाउस में जिला अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल को जोशी ने अपना इस्तीफा दिया है। बता दे कि इससे पूर्व आंनद जोशी लगातार की शहर कांग्रेस कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर रहें है और मुखर होकर हमेशा से बोलने वालों में जोशी की पहचान रही है। बता दें कि बीकानेर में लगातार कथित वीडियो को लेकर कांग्रेस में हलचल तेज है हालांकि पूर्व गोविंदराम ने इस एडिट वीडियो बताया है साथ ही छतरगढ़ के एक कांग्रेसी कार्यकर्ता ने थाने में इस पूरे प्रकरण को लेकर परिवादी है।

## दिन में रोशन और रात में अंधेरा, आमजन परेशान

**राजस्थान फर्स्ट न्यूज,बीकानेर।** बीकानेर में इन दिनों रोड़ लाईट दिन में रोशन हो रही है तो रात को डरावने से नजारे देखने को मिल रहे है। शहर के अनेक स्थानों पर ऐसे हाल है जहां पर रात को लाईट गुल रहती है तो दिन में लाईट रोशन हो जाती है। नत्थुसर गेट क्षेत्र में घाटी के आसपास कई स्थानों पर पोल पर दिन में तो लाईट जल रही है लेकिन शाम होते-होते लाईट बंद हो रही है। वहीं जस्सुसर गेट क्षेत्र में दिन में लाईट कई पोल पर जलती हुई नजर आयी वहीं मुरलीधर व्यास नगर में रात में कई सेक्टर में अंधेरा ही अंधेरा दिखाई दिया जो कि डरावने दृश्य सा नजर आ रहा था। कुल मिलाकर जिम्मेवार बेपरवाह है और स्थानीय लोग शिकयतें करके भी परेशान है।

## पुराना शहर मंडल में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक हुआ संपन्न

**राजस्थान फर्स्ट न्यूज,बीकानेर।** 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026' के अंतर्गत पुराना शहर मंडल, बीकानेर शहर के पदाधिकारियों का दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारीलाल बिश्नोई, जिला अध्यक्ष सुमन छाजेड़, बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास, जिला उपाध्यक्ष मोतीलाल हर्ष, जिला प्रवक्ता जोगेंद्र शर्मा, पूर्व अध्यक्ष विजय आचार्य, सुषमा बिस्सा तथा जिला मंत्री किशन चौधरी ने विभिन्न सत्रों में मार्गदर्शन प्रदान किया। मीडिया संयोजक कमल गहलोत ने बताया कि इस प्रशिक्षण वर्ग के साथ साथ बीकानेर शहर के सभी मंडलों में वर्ग के कार्यक्रम पूर्ण हुए। इसके साथ ही इस वर्ग में कुल 7 सत्र आयोजित किए गए, जिनमें संगठनात्मक विषयों, विचारधारा एवं विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। समापन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारीलाल बिश्नोई ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की नीतियों एवं कार्यशैली पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष आशा आचार्य, वर्ग प्रमुख एवं विधायक जेठानंद व्यास तथा मंडल प्रभारी जोगेंद्र शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रशिक्षण वर्ग का संचालन मंडल महामंत्री संजय शर्मा द्वारा किया गया।